आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 09.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– पंद्रह नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल शुभारंभ करेंगे।**

**2– रायपुर में हो रहे भारतीय सड़क कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में सड़क निर्माण क्षेत्र के विभिन्न आयामों पर हो रही है चर्चा।**

**3– राज्य में दसवीं और बारहवीं बोर्ड के बच्चों के लिए जनवरी में आयोजित की जाएगी प्री–बोर्ड परीक्षा।**

**4– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में आज हुई सड़क दुर्घटना में एक सब इंस्पेक्टर की मौत–दो आरक्षक सहित चार घायल।**

**जनजातीय गौरव दिवस**

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती **'जनजातीय गौरव दिवस'** के अवसर पर पंद्रह नवंबर को राजधानी रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। राजधानी रायपुर के अलावा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आगामी तेरह से पंद्रह नवंबर तक राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय **'जनजातीय जीवन शैली'** है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले व्यक्ति ग्यारह नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं।

**भारतीय सड़क कांग्रेस**

भारतीय सड़क कांग्रेस का तिरासीवां वार्षिक अधिवेशन राजधानी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन के दूसरे दिन आज सड़क अनुसंधान, विकास और अत्याधुनिक हरित प्रौद्योगिकी के संबंध में राजमार्ग अनुसंधान बोर्ड की बैठक हुई। साथ ही अनेक तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इससे पहले, कल शाम केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चार दिवसीय इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री गडकरी ने छत्तीसगढ़ में सड़कों के विकास के लिए बीस हजार करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृति दी। इनमें चार राष्ट्रीय राजमार्गों में फोरलेन के लिए डीपीआर की स्वीकृति भी शामिल है। उन्होंने धमतरी से जगदलपुर, रायपुर से बलौदाबाजार–सारंगढ़, कटघोरा से अंबिकापुर और बिलासपुर से अकलतरा–रायगढ़ से ओडिशा बार्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के लिए राशि स्वीकृत करने की भी घोषणा की। श्री गडकरी ने रायपुर में सरोना, उद्योग भवन, तेलीबांधा और धनेली जंक्शन में फ्लाईओव्हर निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत करने का ऐलान किया। उन्होंने तीन सड़कों के वन टाईम इंप्रूवमेंट कार्यों की भी मंजूरी दी। श्री गडकरी ने सड़कों के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क निधि से नौ सौ करोड़ रूपये देने की भी घोषणा की। भारतीय सड़क कांग्रेस के महासचिव संजय कुमार निर्मल ने आकाशवाणी समाचार से चर्चा करते हुए बताया कि अधिवेशन के दौरान पिछले एक साल में रोड निर्माण क्षेत्र में हुए विभिन्न प्रौद्योगिकी विकास के साथ ही सड़क सुरक्षा और ग्रामीण रोड जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हो रही है। ग्यारह नवंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में दो हजार से अधिक विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और इंजीनियर भाग ले रहे हैं।

**उपचुनाव–रायपुर**

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए अब सिर्फ दो दिन बाकी है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दल, मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन सभाएं लीं। उन्होंने चंगोराभाठा बाजार चौक, कुशालपुर और गुरूनानक हॉल तेलीबांधा में जनसभाएं लीं। सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी संबोधित किया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ए.एस. संपत कुमार और पूर्व विधायक अरूण वोरा ने सुंदर नगर वार्ड में प्रचार किया। दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में सांसद बृजमोहन अग्रवाल रोड शो कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को इस विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। इस बीच, निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल रायपुर के महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और नुक्कड़–नाटक का आयोजन किया। गौरतलब है कि इस उपचुनाव के लिए मतदान तेरह नवंबर को होगा।

**प्री–बोर्ड परीक्षा**

राज्य में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पहले बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से प्री–बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जनवरी के अंतिम सप्ताह में होगी। इससे पहले, सभी स्कूलों में दोनों कक्षाओं का पाठ्यक्रम दस जनवरी तक पूरा कराना अनिवार्य है। प्री–बोर्ड परीक्षा प्रत्येक जिले में आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों से पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे।

**दुर्घटना**

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में आज हुई सड़क दुर्घटना में एक सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई है। वहीं, दो आरक्षक सहित चार अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कोरबा जिले में आज सर्व मंगला–कनवेरी मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक घायल हो गए हैं।

**माओवादी–शिनाख्त**

बीजापुर जिले में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में जो तीन माओवादी मारे गए हैं, उनमें से एक पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इनामी माओवादी की शिनाख्त पीएलजीए प्लाटून नंबर–दस के कमांडर जोगा के रूप में हुई है।

**कोरबा–राशि गबन**

कोरबा जिले में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और जिला खनिज संस्थान न्यास से जारी धनराशि के दुरूपयोग के मामले में ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों पर चालीस लाख रूपये से अधिक के गबन का आरोप लगा है। इस मामले में एसडीएम न्यायालय से संबंधित सरपंचों और सचिवों को नोटिस जारी की गई है। साथ ही उनसे वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है।

**क्लर्क–सुसाइड केस जांच**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तहसील कार्यालय रायपुर में सहायक ग्रेड–दो के पद पर कार्यरत् प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जांच की जिम्मेदारी रायपुर के संभाग आयुक्त को सौंपी है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दिवंगत शासकीय कर्मचारी ने अपने सुसाइड नोट में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने और छवि खराब करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों की जांच कर तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन कार्रवाई की अनुशंसा सहित प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## जांजगीर–क्रिकेट चयन

जांजगीर–चांपा जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर–फोर्टीन में मोहम्मद असद और अंडर–सेवंटीन में आदित्य यादव तथा देवाषीष सिंह का चयन हुआ हैं।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''जांजगीर–चांपा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद का गठन कर दिया गया है। आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम परिषद के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

– राज्य सरकार ने कल शाम पच्चीस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और ग्यारह उप पुलिस अधीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है।

– धमतरी के मां अंगारमोती मंदिर परिसर में कल 'गंगरेल मड़ई' का आयोजन किया गया। इस मड़ई में चार जिलों के बावन गांवों के देवी–देवता और पैंतालीस गांवों के आंगा देवता शामिल हुए।

– कोंडागांव जिले की केशकाल पुलिस ने एक कार से छप्पन किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब तीन लाख इकतालीस हजार रूपये बताई गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

– रायपुर पुलिस ने बाईस लाख रूपये कीमत की करीब चार किलो अफीम के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो झारखंड और एक भिलाई का रहने वाला है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

– जांजगीर–चांपा जिले में एसडीएम कार्यालय के सामने पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठी हेड़सपुर की निलंबित महिला सरपंच शांति बाई चौहान ने अपना अनशन खत्म कर दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खोखरा में भारत स्काउट एंड गाइड्स की पचहत्तरवीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा और स्काउट–गाइड्स के प्रति जागरूकता लाने रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>